BAL BHARATI PUBLIC SCHOOL, PITAMPURA, DELHI – 110034

हिंदी

कक्षा- आठ

पाठ



निर्देश-

1)लाख की चूड़ियाँ पाठ का अध्ययन करने के लिए निम्नलिखित लिंक का प्रयोग कीजिए

https://youtu.be/iU20K59c9GY

http://ncertbooks.prashanthellina.com/8_Hindi.html

https://youtu.be/D1vfH1AL5k4 (हिंदी विशेषण की परिभाषा और उसके भेद)

2) विद्यार्थी पाठ की सहायता से समस्त कार्य हिंदी की अभ्यास पुस्तिका में करेंगे।

3) अभ्यास पुस्तिका की जाँच स्कूल खुलने के बाद की जाएगी ।

अभ्यास -पत्र

१) निम्नलिखित गद्यांश पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए |

सचमुच में आज मनुष्य विनाश के कगार पर खड़ा मृत्यु की गोद में धड़ाधड़ चला जा रहा है। मनुष्य ने मनुष्य को अपने स्वार्थों से जकड़ लिया है। उसे आज कुछ भी नहीं दिखाई दे रहा है। उसे केवल स्वार्थ दिखाई दे रहा है। वह इस स्वार्थ की पूर्ति के लिए आज भयानक और कठिन से कठिन अस्त्र-शस्त्रों को होड़ लगाए जा रहा है। आज इसीलिए मनुष्य सर्वविनाश के लिए अणुबम, परमाणु बम आदि बना बनाकर के अपनी अपार शक्ति का परिचय दे रहा है। यह अशान्तमय और भयानक वातावरण का निर्माण करने में लगा हुआ सब कुछ भूल चुका है कि क्या उचित है और क्या अनुचित है। इस प्रकार सम्पूर्ण विश्व एक बहुत बड़ी अशान्ति के दौर में पहुंच चुका है।

आज विश्व शन्ति की आश्वयकता बहुत अधिक और तेज हो गई है। इस अशान्ति के कारण कई हैं। इनमें से मुख्य कारण यह भी है कि आज विश्व के अनेक सबल राष्ट्र एक दूसरे निर्बल और शक्तिहीन राष्ट्र को अपने चंगुल में फंसाए रखने के लिए भारी उद्योग किया करते हैं। इसके लिए वे अपनी निजी शक्ति और आश्वयकताओं को बढ़ाते ही जा रहे हैं। इसके साथ ही अपने सम्पर्कों अन्य शक्तिहीन और छोटे राष्ट्रों के प्रति उकसाने या उभाड़ने की कोशिश में बराबर लगे रहते हैं। इस प्रकार से आज पूरा विश्व कई भागों में बँटा हुआ परस्पर विनाश के गर्त में पहुँचने के लिए नित्य उद्योग करते हुए दिखाई देता है। इसलिए आज विश्व की शान्ति की आश्वयकता बढ़ती जा रही है।

क- मनुष्य अपनी स्वार्थ पूर्ति के लिए क्या कर रहा है?

ख- सम्पूर्ण विश्व अशांति के दौर से किन कारणों से गुजर रहा है?

ग- मनुष्य अपनी अपार शक्ति का परिचय किस प्रकार दे रहा है?

घ- निर्बल,निर्माण - उपसर्ग अलग कीजिए

उचित, शान्ति, निजी - विलोम लिखिए

ड़- गद्यांश का उचित शीर्षक दीजिए |

२) सही विकल्प का चुनाव कीजिए।

क- लेखक बदलू को क्या कहकर पुकारता था

* बदलू चाचा

* बदलू मामा

* बदलू काका

ख- बदलू को किस चीज़ से चिढ़ थी

* कांच की चूड़ियाँ

* लाख की चूड़ियाँ

* शहर के लोग

ग- लाख की चूड़ियाँ पाठ की विधा है-

* कहानी

* संस्मरण

* निबंध

घ- जमींदार साहब बदलू को चूडियों की कितनी कीमत दे रहे थे?

* दस रुपए

* पचास पैसे

* दस आने

३) निम्नलिखित वाक्यों में रेखांकित विशेषणों के भेद लिखिए।

क- एक पुराना नीम का वृक्ष लगा था।

ख- बदलू के पास ढेर सारी गोलियाँ होती ।

ग- लगभग आठ-दस वर्षों के बाद लेखक गाँव गया।

घ-काम तो कई साल से बंद है।

ड़- रज्जो थोडी-सी मलाई ले आई ।

च- बदलू के पास चालीस किलो आम थे।

छ- गोरी गोरी कलाइयों पर चूड़ियाँ फब रहीं थीं।

ज- मुझे वे दिन याद हो आए ।